<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

<u>03.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे</u>

उपमुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसें आमजन को बेहतर परिवहन सुविधाएं प्रदान करने का सर्वश्रेष्ठ साधन हैं। सोलन में पहुंची 80 इलैक्ट्रिक बसों का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने कहा कि सरकार का उदेश्य एचआरटीसी को मजबूती प्रदान करने के साथ ही राज्य में हरित परिवहन को बढ़ावा देना है और इस दिशा में सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ये इलेक्ट्रिक बसें यात्रियों की सुविधा के अनुसार बनवाई गई हैं और इसमें 32 आरामदायक सीटों के साथ सामान रखने का भी उचित प्रबंध होगा। उन्होंने कहा कि बसों के लिए चिन्हित स्थलों पर चार्जिंग स्टेशन भी स्थापित किए जा रहे हैं। मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि इन ई–बसों के रूट ट्रायल का कार्य पूरा हो चुका है।

<u>सुरेश कश्यप</u>

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि प्रदेश में नगर निगम, नगर परिषद, जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों के नतीजों ने साफ कर दिया है कि राज्य में कांग्रेस सरकार जनमत खो चुकी है। नाहन में मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि इन चुनावों में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है, जबकि भाजपा ने पूरे प्रदेश में जीत का परचम लहराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने चुनाव टालने के लिए हरसंभव प्रयास किए, लेकिन लोकतंत्र में जनता का फैसला सर्वोपरि होता है। सुरेश कश्यप ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले जो गारंटियां व वायदे किए थे, उन्हें पूरा नहीं किया गया, जिसके चलते जनता ने चुनाव में कांग्रेस को नकार दिया। उन्होंने दावा किया कि ये चुनावी नतीजे वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव का रोडमैप है और भाजपा आगामी चुनाव में एकतरफा जीत हासिल करेगी।

<u>कांगड़ा प्रशासन</u>

कांगड़ा जिला के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा है कि जनगणना लोकतंत्र की आधारशिला है और इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़े देश व प्रदेश की नीतियों सहित विकास कार्यों व कल्याणकारी योजनाओं के निर्माण का आधार बनते हैं। उन्होंने कहा कि आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, संसाधनों के वितरण व शहरी योजना जैसे अनेक क्षेत्रों में जनगणना की महत्वपूर्ण भूमिका है। हेमराज बैरवा ने बताया कि जनगणना 2027 पहली बार डिजिटल माध्यमों से आयोजित की जा रही है, जिससे प्रक्रिया अधिक सरल, त्वरित व पारदर्शी बनेगी। उन्होंने कहा कि जनगणना के तहत चल रहे स्वगणना अभियान में आम जनमानस 15 जून तक स्वगणना पोर्टल पर लॉग इन कर घर बैठे अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकता है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला में भी स्वगणना अभियान आरंभ किया गया है। हेमराज बैरवा ने बताया कि प्रक्रिया पूर्ण होने पर एक स्वगणना आईडी प्राप्त होगी, जिसे घर आने वाले प्रगणक के साथ साझा करना होगा। उन्होंने जिला के सभी नागरिकों से जनगणना 2027 के इस महत्वपूर्ण कार्य में सक्रिय रूप से भाग लेने का आहवान भी किया।

<u>एंटी रैबीज वैक्सीन</u>

कुल्लू जिले में रैबिज के मामलों को कम करने के उदेश्य से पशुपालन विभाग द्वारा आवारा कुत्तों को एंटी रैबीज वैक्सीन लगाने व नसबंदी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उदेश्य सड़कों पर कुत्तों की बढ़ती संख्या को कम करना और इनके द्वारा लोगों को काटने के मामलों में कमी लाना है।

डिस्पैच– कुल्लू जिला में रेबीज के मामलों को कम करने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा पहल करते हुए मुहिम चलाई गई है स पशुपालन विभाग ने पिछले 5 माह के दौरान 4416 कुत्तों को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई है, इसके अलावा 224 लावारिस कुत्तों की नसबंदी भी की गई है स विभाग ने वैक्सीनेशन और नसबंदी का कार्यक्रम जारी रखा है ताकि कुत्तों के काटने तथा सड़कों पर उनकी बढ़ती संख्या के मामलों में कमी लाई जा सके स विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिला में पशु चिकित्सालय मौहल के अलावा मनाली, रायसन व् बंजार चिकित्सालय को इस कार्यक्रम के तहत चयनित किया गया है स पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ अरूण शर्मा के अनुसार जिला के हर क्षेत्र में पालतू और लावारिस कुत्तों के नसबंदी और एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई जा रही है ताकि रेबीज की बीमारी के खतरे को कम किया जा सके। आशीष शर्मा , आकाशवाणी समाचार कुल्लू।

<u>मौसम</u>

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश में आगामी आठ जून तक मौसम खराब रहेगा। विभाग ने आज से छह जून तक राज्य के अलग–अलग स्थानों पर बारिश, अंधड़ व बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले दिनों प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में वर्षा व चोटियों पर हुए हिमपात से दिन व रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। खासतौर प र मैदानी व निचले क्षेत्रों में लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल रही है। वहीं पहाड़ी इलाकों में मौसम हल्का ठंडा बना हुआ है।